सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राज्यपाल ने भारत रत्न डा0 भीम राव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई व शुभकामनाएं दी।

राजभवन देहरादून 13 अप्रैल, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने भारत रत्न डा0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है।

राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि सामाजिक न्याय व समतामूलक समाज के प्रबल पक्षधर डा0 अम्बेडकर दलितों, गरीबों और निराश्रित वर्ग के उत्थान के लिए जीवन पर्यन्त समर्पित रहे। उन्होंने समाज के सबसे गरीब और वंचित वर्ग के लाखों लोगों को आशा दी। हमें उनके जीवन दर्शन का अनुसरण करते हुए समतामूलक समाज की स्थापना के लिए संकल्प लेना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय संविधान के निर्माण के प्रयासों हेतु हम उनके सदा आभारी रहेंगे।

.............0.............